संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 04 दिनांक 07/04 2021

# मास्क है जरूरी... बोर्ड पर लिखी गलत हिंदी को तो सुधारा जा सकता है, लेकिन बिना मास्क के निकले तो संक्रमण कैसे रोकेंगे




रतलाम | शहर सराय पर यह बोर्ड नगर निगम ने लगाया है। नगर निगम द्वारा इसमें मास्क पहनने की अपील की है। मास्क की जगह मारूक लिख दिया है। लेकिन आप यह गलती ना करें और जब भी घर से निकले मास्क पहनकर ही निकले। फोटो-पिंटू मेहता

# आज कोरोना से बचाव का संदेश देने शहर में बनेंगी 1001 रंगोली

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम | कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। सावधानियों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को नगर निगम शहर में 1001 रंगोली बनाएगी।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया साथ ही मास्क वितरण होगा। मास्क न केवल संक्रमण से बचाव में मदद करेगा बल्कि इसके जरिए मौसमी एलर्जी से छुटकारा पा सकते हैं। जागरूकता के लिए बुधवार को सार्वजनिक स्थानों पर 1001 रंगोली बनाकर कोरोना से बचाव का संदेश देंगे। कोरोना से लड़ाई में नागरिकों की सहभागिता बढ़ेगी।

# दवा दुकानदार ने नहीं लगाया मास्क

## सात दिन के लिए लाइसेंस निरस्त होगा

रतलाम। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन दुकानदार, ग्राहक दोनों नहीं कर रहे हैं। मंगलवार को आनंद नगर स्थित इंडिया मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मास्क नहीं लगाए जाने के कारण प्रशासन के अमले ने दुकान को बंद कराया। इसके साथ ही एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत ने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि दुकान लाइसेंस सात दिन के लिए निलंबित किया जाए। एसडीएम ने कहा कि कोई मेडिकल शाप कोविड के नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसकी अनुज्ञप्ति समाप्त कर महामारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करवाया जाएगा।

**दुकान पर भीड़, प्रकरण दर्ज**

इसी तरह सोमवार को मिर्ची गली स्थित अनामिका जनरल स्टोर्स पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही और शारीरिक दूरी रखने का पालन भी नहीं किया गया। नायब तहसीलदार नवीन गर्ग की रिपोर्ट पर माणकचौक थाना पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ भादवि की धारा 188 में प्रकरण दर्ज किया है।

# गंदगी पर 3 व मास्क नहीं पहनने पर 18 पर जुर्माना

रतलाम | स्वच्छता अभियान के तहत गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के खिलाफ नगर निगम की मुहिम चल रही है। मंगलवार को 50 माइक्रॉन की पॉलीथिन का उपयोग करके गंदगी फैलाने पर बलराम चांदनी चौक और रामजी त्रिपोलिया गेट पर 500 रुपए, पुष्पेंद्र चांदनी चौक पर 250 रुपए का स्पाट फाइन किया। सार्वजनिक स्थानों पर बगैर मास्क वाले घूम रहे 18 व्यक्तियों पर 100 रुपए का जुर्माना लगाया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका पृष्ठ 10 दिनांक 07/04/2021

बुधवार को 19 केंद्रों पर होगा टीकाकरण

# जिले में अब तक 70 हजार से ज्यादा को लगा टीका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोविड-19 के तहत जिले के निर्धारित 19 वैक्सीनेशन सेंटर्स पर मंगलवार को 2119 वैक्सीनेशन किए गए। जिले में अब तक कुल 73884 का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। वैक्सीनेशन प्लान के तहत बुधवार 7 अप्रैल को जिले के 19 टीकाकरण केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। मंगलवार को किए गए वैक्सीनेशन अनुसार जैन काश्यप सभागृह रतलाम पर 290, सीएससी पिपलोदा पर 25, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम 176, धराड़ केंद्र पर 170, बिरमावल 107, बांगरोद 105, रेलवे हॉस्पिटल भाग 2 पर 151, सामुदायिक भवन जवाहर नगर रतलाम 100, रतलाम जिला चिकित्सालय 250, गुरुनानक भवन रतलाम 129, सिविल हास्पिटल जावरा 228, सामुदायिक भवन अलकापुरी 147, आयुष हॉस्पिटल



153, सैलाना 69, सिविल हॉस्पिटल आलोट 90, निजी हॉस्पिटल 32, निजी अस्पताल 29, निजी हॉस्पिटल 7, निजी हॉस्पिटल 7 तथा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पर 66 का वैक्सीनेशन किया गया।

## जनजागरुकता के लिए सीएम की अपील

कोरोना संक्रमण के दौर में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन के अंतर्गत सोमवार को वर्चुअल रूप से प्रदेश के मीडियाकर्मियों से चर्चा की। उन्होंने मीडिया से संक्रमण काल के दौरान सकारात्मक पहल करते हुए सक्रिय सहभागिता की अपील की। रतलाम एनआईसी कक्ष में जिले के पत्रकारगण मौजूद रहे।

सीएम ने कहा कि मेरे लिए मास्क का मतलब है एम से मेरा, ए से आपका, एस से सुरक्षा और क से कवच मतलब, मेरा आपका सुरक्षा कवच। हमें यह अभियान चलाना है कि मास्क नहीं तो बात नहीं, दुकान में जाएं और यदि मास्क न हो तो दुकानदार कह दे कि मास्क नहीं तो सामान नहीं। यह जागरुकता पैदा करने का अभियान है। सीएम ने पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मीडिया प्रभावी माध्यम है, जिससे जागरुकता पैदा की जा सकती है। यह महीना गंभीर संकट का है। प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया यदि जागरुकता को दायित्व मानेगा तो यह समाज की बड़ी सेवा होगी।

## जनप्रतिनिधियों में भी प्रशासन कर रहा भेदभाव, पूर्व मंत्री ने जताई नाराजगी, सीएम की वीसी में व्यवस्था पर हुए नाराज

प्रशासन अब शहर में रहकर भी जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों में भेदभाव कर रहा है। प्रशासन की ऐसी ही एक हरकत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की वीसी के दौरान नजर आई। यहां दोपहर में सीएम की जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से सुझाव लेने के लिए वीसी आयोजित की गई थी। इसमें शहर विधायक चैतन्य काश्यप सहित दो अन्य को एनआईसी कक्ष में बैठाया गया था जबकि पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, महेंद्र गादिया सहित भाजपा के अन्य नेता व समाजसेवियों को सभाकक्ष में बैठाया गया। पत्रिका

सीएम की वीसी के दौरान जब जनप्रतिनिधियों में भेदभाव किए जाने की बात पूर्व मंत्री कोठारी को पता चली तो वह वीसी शुरू होने के पहले कलेक्टर गोपालचंद्र डाड से मिलने उनके कक्ष में पहुंचे तो वह नहीं थे। इस पर उनका गुस्सा फूटा तो एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत पहुंचे तो कोठारी ने उन्हें जमकर फटकार लगा दी। पूर्व मंत्री कोठारी ने बताया कि उन्होंने जब एसडीएम से पूछा कि तीन लोगों को अलग बैठाकर शेष लोगों को अलग क्यों बैठाया गया है। इस पर एसडीएम का कहना था कि ऊपर से निर्देश थे। कोठारी ने पूछा कि जब सभी जिलों में एक ही हॉल के अंदर सोशल डिस्टेंस रखते हुए बैठक आयोजित की गई तो रतलाम में तीन लोग जिनमें एक विधायक और समाजसेवी के नाम पर दो और लोगों को अलग कक्ष में क्यों बैठाया गया और हम लोगों को अलग हॉल में क्यों बैठाया। यदि हमें बुलाया है तो सभी लोगों को एक ही जगह बैठाया जाना चाहिए था। इसी बात को लेकर आपत्ती थी जो दर्ज कराई है। प्रशासन का कहना था कि यहां से निर्देश थे जिस पर कोठारी ने एसडीएम को कह दिया यदि ऐसा है तो आप वीडियो कॉन्फ्रेंस देख लो सभी लोग एक ही जगह बैठे हुए है। यह बोलकर कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि चले गए।



# मेडिकल कॉलेज से 11 स्वस्थ होकर लौटे

रतलाम। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में कोरोना संक्रमण के लिए उपचाररत 11 कोरोना योद्धाओं को आज स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाओं के साथ डिस्चार्ज किया गया। स्वस्थ होकर लौटे कोरोना योद्धाओं को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जिला कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डा. जितेंद्र गुप्ता ने शुभकामनाएं दी।

~19/8/18

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 09 दिनांक 07/04/2021

# स्वास्थ्य आग्रह अभियान की शुरुआत : सीएम से बात करते विधायक काश्यप व समाजसेवियों ने दिए सुझाव

## रतलाम मेडिकल कॉलेज में हो सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की जंग पुख्ता बनाने मंगलवार से स्वास्थ्य आग्रह अभियान शुरू हुआ। भोपाल से अभियान की वर्चुअल शुरुआत सीएम शिवराज सिंह चौहान ने की। शहर के समाजसेवियों से बात की।

एनआईसी कक्ष में विधायक चेतन्य काश्यप के अलावा समाजसेवियों ने परिजन से बात कराने पॉजिटिव मरीजों को मोबाइल देने तथा मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने इन पर अमल करने का भरोसा दिलाया।




सीएम को सुझाव देते विधायक काश्यप, काकाणी और जैन।

### अलग हॉल में बैठाने पर नाराज हो गए कोठारी

अभियान के वर्चुअल शुभारंभ को देखने और सुनने के लिए कलेक्ट्रेट में व्यवस्था की थी। बड़े हॉल में प्रमुख शहरवासी और जनप्रतिनिधियों को बैठाया, जबकि बात करने की सुविधा होने के कारण एनआईसी कक्ष में विधायक काश्यप और समाजसेवी गोविंद काकाणी, मुकेश जैन बैठे थे। इसका पता चलने बड़े हॉल में बैठे पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी नाराज हो गए। बाहर आकर अलग-अलग व्यवस्था करने को लेकर एसडीएम अभिषेक गेहलोत पर बरस पड़े। कुछ देर बाद वहां से चले गए। कोठारी का कहना था सभी जिलों में सब लोग एक जगह बैठे थे, हमारे यहां अलग-अलग व्यवस्था क्यों की। उनके साथ कुछ नेता और मंडल अध्यक्ष उठकर बाहर आ गए थे।

### किसने-क्या सुझाव दिया

- समाजसेवी गोविंद काकानी ने वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की फोटो कॉपी बड़े आकार में मंगवाई जाए। इससे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। पॉजिटिव को परिजन से मोबाइल पर बात कराएं ताकी बात करते समय मास्क न हटाना पड़े।
- समाजसेवी मुकेश जैन ने कहा विधायक के प्रयासों से प्रारंभ हुए मेडिकल कॉलेज कोरोना काल में अमृत कुंड के समान काम आ रहा है। मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाई जाए। टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से चलाया जाए।

# स्वास्थ्य आग्रह अभियान में रतलाम के लिए मांगी सिटी स्कैन मशीन

पत्रिका

## रतलाम के समाजसेवियों के साथ जनप्रतिनिधियों से सीएम ने की चर्चा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरुआत की। इस दौरान वर्चुअल रूप से सीएम ने विभिन्न जिलों के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में समाजसेवी सहित अन्य ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।




गोविंद काकानी ने आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले में अब तक 71 हजार से अधिक का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की टीम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से संपर्ककर उनका टीकाकरण कर रही है। काकानी ने सुझाव दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड के प्रति बड़े आकार में फोटो कॉपी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। कोरोना पॉजिटिव मरीज जो भर्ती है उनसे परिजन कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण रोका जा सकेगा।

### सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाएं

मुकेश जैन ने सीएम को बताया कि शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने से यह मरीजों के लिए सौगात बन गया है। कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाए जाने का आग्रह किया ताकि मरीजों को बाहर न जाना पड़े। टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान संचालित करने की बात कही। मोबाइल की व्यवस्था करने का भी उन्होंने सुझाव दिया ताकि दूरदराज के एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति जो वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच सकते हैं उनका भी टीकाकरण किया जा सके।

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार शुभ एक्सप्रेस पृष्ठ 12 दिनांक 07/04/2021

# 11 मरीज स्वस्थ होकर लौटे, विधायक और अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं



रतलाम। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में कोरोना संक्रमण के लिए उपचाररत 11 कोरोना योद्धाओं को आज स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाओं के साथ डिस्चार्ज किया गया। स्वस्थ होकर लौटे कोरोना योद्धाओं को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जिला कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डा.जितेंद्र गुप्ता ने शुभकामनाएं दी। स्वस्थ होकर लौटे नागरिकों ने कहा कि मास्क ही जीवन है और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है इसकी सीख हम सभी को देंगे और कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

## सतर्क, सजग रहेंगे और सबको यही सलाह देंगे : एडीजे श्री सोनी

मेडिकल कॉलेज से आज कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर डिस्चार्ज हुए एडीजे नितिन सोनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने का एक ही उपाय है मास्क का प्रयोग करना और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, उसके बाद तत्काल वे मेडिकल कॉलेज में एडमिट हो गए। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की टीम बहुत अच्छा काम कर रही है। अच्छे उपचार के लिए उन्होंने सभी चिकित्सकों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा डाक्टर अपना काम कर रहे हैं, मेहनत कर रहे हैं मगर हमें सतर्क रहना है सजग रहना है और सभी को यही संदेश देना है कि हम कोरोना से बचाव के लिए सभी संभव उपाय करें। संक्रमण मुक्त होकर लौटे शिक्षक देवीदत्त पाठक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों एवं स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा। इसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि सभी कोरोना से बचाव के लिए सतर्क रहे।

२१५

# आज 19 केंद्रों पर होगा टीकाकरण

रतलाम। कोविड-19 वैक्सीनेशन प्लान के तहत बुधवार 7 अप्रैल को जिले के 19 टीकाकरण केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। यह केंद्र है सिविल हॉस्पिटल आलोट, सिविल हॉस्पिटल जावरा, सीएचसी पिपलोदा, सीएचसी सैलाना, पीएचसी बिरमावल, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम, बाल चिकित्सालय रतलाम, रेलवे अस्पताल भाग-2, घटना कॉलोनी रतलाम, सामुदायिक भवन अलकापुरी, आयुष हॉस्पिटल सांगोद रोड, गुरुनानक सिंधु भवन चिरियाखेड़ी, जैन दिवाकर हॉस्पिटल रतलाम शामिल हैं। २१५

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अवन्तिका –पृष्ठ 06 दिनांक 07/04/2021

अवन्तिका

# मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य आग्रह अभियान की शुरूआत की

## रतलाम के सक्रिय समाजसेवियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरूआत की। इस मौके पर वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के सक्रिय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप की उपस्थिति में सक्रिय समाजसेवी गोविंद काकानी एवं मुकेश जैन ने मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

गोविंद काकानी ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रतलाम जिले में अब तक 71 हजार से अधिक का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। स्वास्थ्य टीम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से संपर्क कर उनका टीकाकरण करने का कार्य कर रही है। रतलाम की सामाजिक संस्थाएं और सभी समाजसेवी अपने स्तर पर इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लगे हुए हैं। श्री काकानी ने सुझाव दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड के प्रति बड़े आकार में फोटो कॉपी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटर पर सभी सुविधाएं पर्याप्त की जा रही है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोरोना पॉजिटिव मरीज जो भर्ती है उनसे उनके परिजन कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त अपना मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा।

समाजसेवी मुकेश जैन ने इस अवसर पर मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद दिया कि उनके और शहर विधायक चैतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम में मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने से यह मरीजों के लिए अमृत कुंड के समान हो गया है जहां बेहतर उपचार मरीजों को प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाए जाने का आग्रह किया ताकि मरीजों को इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान संचालित किया जाए जिसमें सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही टीकाकरण के लिए मोबाइल की व्यवस्था करने का भी उन्होंने सुझाव दिया ताकि दूरदराज के एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति जो वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच सकते हैं उनका भी टीकाकरण किया जा सके। श्री जैन ने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण एवं सकारात्मक समाचार मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकाशित हो ताकि लोगों में जागरूकता बनी रहे और सकारात्मक विचारों का संचार हो श्री जैन ने कहा कि उद्योगों में और व्यावसायिक संस्थाओं में विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन जाए तो सभी सभी कर्मचारियों का टीकाकरण एक अभियान के तहत किया जा सकता है। इस दौरान शहर के सक्रिय समाजसेवी एवं गणमान्यजन भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को स्वास्थ्य आग्रह अभियान में दिया सुझाव

# मेडिकल कालेज में सिटी स्कैन मशीन लगे



सीएम को सुझाव देते समाजसेवी मुकेश जैन व गोविंद काकानी। साथ में विधायक चैतन्य काश्यप। ●नईदुनिया

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरुआत की। इस मौके पर वर्चुअल रूप से जिलों के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों पर विस्तार से चर्चा की। रतलाम एनआइसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में सुझाव दिए गए।

समाजसेवी मुकेश जैन ने सुझाव देते हुए कहा कि सीएम व शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम में मेडिकल कालेज की सुविधा मिली जो अमृत कुंड के समान हो गया है। यहां सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था की जाना चाहिए। इससे मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। टीकाकरण में सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग लिया जाए। ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में मोबाइल वैन के जरिये टीकाकरण किया जाना चाहिए। उद्योगों व व्यावसायिक संस्थाओं में विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन जाए तो सभी सभी कर्मचारियों का टीकाकरण एक अभियान के तहत किया जा सकता है।

**मोबाइल पर कम बात करें मरीज**

गोविंद काकानी ने कहा कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड की प्रति बड़े आकार में फोटो कापी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। कोरोना पाजिटिव मरीज अपने स्वजन से कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त अपना मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा।

**सभागार में बैठे रहे समाजसेवी, पूर्व गृहमंत्री नाराज**

सीएम के कार्यक्रम को लेकर शहर के समाजसेवी व गणमान्य लोग दोपहर दो बजे कलेक्टोरेट सभागार में पहुंचे। वहां पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, पूर्व सैलाना विधायक संगीता चारेल, समाजसेवी महेंद्र गादिया, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, अशोक चौटाला, सलीम आरिफ, नीमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, करणधीर सहित अन्य लोग सीएम के कार्यक्रम के प्रारंभ होने का इंतजार करते रहे।

करीब आधे घंटे बाद पूर्व गृहमंत्री को बताया गया कि सीएम से एनआइसी रूम से चर्चा हो रही है। इस पर वे नाराज होकर एनआइसी रूम पहुंचे और एसडीएम अभिषेक गहलोत पर जमकर नाराजगी जाहिर की। कोठारी ने कहा कि सभी को बुलाने के बाद दो लोगों से चर्चा कराने का निर्णय किस आधार पर लिया गया। इसके बाद सभागार में बैठे सभी लोग मौके से चले गए। एसडीएम गहलोत ने बताया कि प्रशासकीय दिशा निर्देश में व्यवस्था की गई थी।

### रतलाम में रेमडेसिविर का टोटा: अपनों को बचाने इंजेक्शन की तलाश में भटक रहे परिजन

# 600 इंजेक्शन की प्रतिदिन मांग, 200 से 250 की ही हो पा रहे उपलब्ध

## दो की मौत, 90 नए मरीज आए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संक्रमण से जूझ रहे मरीजों की जान बचाने में मददगार साबित होने वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन का रतलाम में टोटा पड़ गया है। रतलाम में मांग के मुताबिक आधे इंजेक्शन भी नहीं उपलब्ध हो पा रहे हैं जिसके चलते मरीज के परिजन अपनों की जान बचाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो गए हैं। तेजी से बढ़ती कोरोना की रफ्तार के बीच इंजेक्शन की मांग अचानक से बढ़ गई है। मेडिकल कॉलेज से देर रात आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 92 नए मरीज सामने आए हैं जबकि दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

रतलाम जिले में बीते 7 दिनों के दौरान 12 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है जबकि 595 नए कोरोना मरीज सामने आए हैं। दरअसल बीते 1 सप्ताह से मरीजों की संख्या प्रतिदिन औसतन 80 के करीब आ रही है जो की चिंता का विषय है। सिर्फ मरीजों की संख्या ही नहीं बढ़ रही बल्कि मौत के आंकड़ों में भी अब तेजी से इजाफा होने लगा है। पहले कुछ दिनों में एक मौत हुआ करती थी, अब हर दिन 2 मौत हो रही है।

### नए मेडिकल पर भी नहीं पहुंचे इंजेक्शन

शहर के चुनिंदा मेडिकल स्टोर पर ही जीवन रक्षक कहलाने वाले 3 इंजेक्शन को बेचने की अनुमति है। हाल ही में कलेक्टर ने 10 और मेडिकल स्टोर को इंजेक्शन बेचने की अनुमति जारी की है लेकिन उपलब्धता नहीं होने के चलते इंजेक्शन नहीं पहुंच पा रहे हैं। दरअसल पूर्व में जो मेडिकल स्टोर निर्धारित किए है, वहीं पर भी स्टाक की कमी के चलते इंजेक्शन नहीं है तो नए की पुष्टि कर पाना संभव ही नहीं है।

### ...इंजेक्शन की मांग बढ़ेगी




यदि हर दिन इसी तरह से मरीजों की संख्या बढ़ती रही तो इम्यूनिटी बढ़ाने वाले इंजेक्शनों की मांग भी बढ़ती जाएगी। वर्तमान में सिर्फ तीन कंपनियों के इंजेक्शन है जो रतलाम में पहुंच रहे हैं लेकिन वह भी सीधे रतलाम ना आकर पहले इंदौर पहुंचते हैं और फिर वहां के बाद बचे हुए इंजेक्शन रतलाम में आते हैं। वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ने से इंजेक्शनों की मांग भी बढ़ गई है।

वर्तमान में लगभग 600 इंजेक्शन की प्रतिदिन आवश्यकता है जिसकी तुलना में महज 200 से 250 इंजेक्शन की उपलब्धता ही रतलाम में हो पा रही है। मरीजों की संख्या तेज गति से बढ़ने के चलते यह हालात बने हैं। हमारे यहां इंजेक्शन आने के पहले वह इंदौर पहुंचे हैं और वहां से बचने के बाद रतलाम के लिए आते हैं।
**- जय छजलानी**, अध्यक्ष जिला औषधि विक्रेता संघ, रतलाम

## एक जनरल स्टोर संचालक है तो दूसरा होटल संचालक, प्रतिबंध के बाद भी दे रहे थे ग्राहकों को सामग्री

**रतलाम.** शहर में धारा 144 लगाकर दुकान में बैठाकर खाना, नाश्ता करवाना या दुकान के अंदर बुलाकर सामग्री देने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बाद भी कतिपय दुकानदार इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। स्टेशन रोड पुलिस थाने में स्टेशन रोड के दुकान संचालक अदनान सलीमुद्दीन के खिलाफ धारा 188 का केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए आवेदन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित एक होटल संचालक अदनान ने कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करते हुए होटल में लोगों को एकत्रित करके खाना खिलाया। इस पर उसके खिलाफ धारा 188 में केस दर्ज किया गया।

**माणकचौक में दर्ज केस-** माणकचौक पुलिस ने भी नायब तहसीलदार नवीन गर्ग के प्रतिवेदन पर एक जनरल स्टोर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। माणकचौक के मिर्ची गली निवासी जनरल स्टोर संचालक राकेश पिता गोपाल परिहार ने दुकान पर कोरोना गाइडल लाइन का उल्लंघन करते हुए ग्राहकों की भीड़ जमा कर रखी थी। ग्राहकों के बीच में भी कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा था। पुलिस ने जनरल स्टोर संचालक राकेश परिहार के खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन पर धारा 188 में केस दर्ज किया है।

### छुट्टी होने पर बजाई तालियां

मेडिकल कॉलेज रतलाम से मंगलवार को स्वस्थ होकर घर जाने वाले मरीजों के सम्मान में फिर से तालियां बजना शुरू हो गई। वहां 11 कोरोना योद्धाओं के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाओं के साथ डिस्चार्ज किया गया। इस दौरान शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डॉ. जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य ने तालियां बजाकर शुभकामनाएं दी।

## अब तीन हजार में होगा सीटी स्केन

### सरकार ने दर तय की तो विधायक काश्यप ने सीएम को दिया धन्यवाद

रतलाम. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम एवं डायलोसिस सेंटर में होने वाली सीटी स्कैन की दर निर्धारित कर दी है। अब चेस्ट सीटी एवं एचआरसीटी स्केन जांच के लिए तीन हजार रुपए ही लिए जा सकेंगे। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते सरकार ने यह जनहितैषी निर्णय लिया है। इससे आमजन को सिटी स्केन जांच के लिए जाने पर राहत मिलेगी। काश्यप ने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 02 दिनांक 07/04/2021

# एडीएम और आयुक्त ने परखी जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था

## रोटरी वार्ड परिसर में पेवर ब्लॉक लगेंगे, नालियां ढकी जाएगी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था को जांचने हेतु एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े ने निगम आयुक्त सोमनाथ व सिविल सर्जन आनन्द चन्देलकर के साथ चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के निर्देश वेण्डर व कर्मचारियों को दिये।जिला चिकित्सालय में अपना उपचार कराने आने वाले मरीजों को साफ-स्वच्छ वातावरण मिले इस हेतु परिसर व वार्डों की नियमित साफसफाई करवाये जाने हेतु एडीएम श्रीमती भिड़े ने वेन्डर व कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति समक्ष में लेकर निर्देशित किया कि वे सौंपे गये दायित्व का पूरी निष्ठा व लगन के साथ निर्वहन करें साथ मरीजो व उनसे मिलने वाले आने वाले परिजन रिश्तेदारों को भी स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित करें क्योंकि जहां स्वच्छता होगी वहीं पर स्वस्थता होगी।

रोटरी वार्ड के सामने जैन वार्ड के निरीक्षण के दौरान पाया कि परिसर के पेवर ब्लॉक क्षतिग्रस्त है साथ ही कुछ स्थल पर पेवर ब्लॉक लगाने की आवश्यकता है वनालियां भी ढंकी हुई नहीं है इस पर उन्होंने निगम आयुक्त श्री झारिया से चर्चा कर निगम के इंजीनियर व जिला चिकित्सालय की इंजीनियर कामिनी मालवीय रिपेयरिंग वर्क का अवलोकन कर एस्टीमेंट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्व व श्वान प्रवेश नहीं करें इस हेतु पर्याप्त सिक्युरिटी गार्ड रखने हेतु वेन्डर को निर्देशित किया साथ यह भी निर्देश दिये कि सिक्युरिटी व सफाई कर्मचारी ड्रेस कोड में अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

# बैठाकर खाना खिलाने पर होटल सील, बिना अनुमति जमातखाने में शादी, जुर्माना लगाया

रतलाम (आरएनएन)। कोरोना वायरस के संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में स्टेशन रोड एक होटल सील किया। इसी तरह एक जमातखाने में बिना अनुमति विवाद होने पर आयोजन पर 2000 रुपए जुर्माना किया। दोनों ही मामलों में पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।



सोमवार शाम को रतलाम शहर के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ रतलाम शहर का भ्रमण किया गया। इस दौरान आम जनता को मास्क पहनने एवं अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकलने की समझाइश दी। भ्रमण के दौरान स्टेशन रोड पर स्थित नेशनल होटल पर संचालक द्वारा ग्राहकों को होटल में बैठाकर खाना खिलाया जाना पाया गया। यह रतलाम कलेक्टर द्वारा जारी धारा 144 के आदेश का उल्लंघन होने से होटल 24 घंटे के लिए सील कर दिया। होटल के संचालक अदनान मोहम्मद पिता मोहम्मद सलीमुद्दीन निवासी नेशनल होटल रतलाम के विरुद्ध थाना स्टेशन रोड में धारा 144 के उल्लंघन पर धारा 188 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

भ्रमण के दौरान पंचांग सब्जी फरोस जमातखाना में एक वैवाहिक कार्यक्रम होते पाया। यहां भारी संख्या में लोग मौजूद थे। इसकी अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई थी। उपस्थितजन की संख्या ज्यादा होने से चालानी कार्रवाई करते हुए 2000 रुपए का चालान बनाया।

### केंद्र और राज्य के जिम्मेदारों को आज पत्र लिखकर बताएं वास्तविकता

# कोरोना की स्थिति भयावह : जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ पत्रकार हुए लामबंद

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रतलाम जिले की स्थिति भयावह होती जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में समन्वय का अभाव होकर अव्यवस्थाओं के नियंत्रण में असफल साबित हो रहे हैं, इससे आमजन मानस में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो गया है और लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है। इस प्रतिकूल परिस्थिति के मद्देनजर रतलाम प्रेस क्लब कार्य समिति एक आपात बैठक वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेस क्लब भवन में आहूत की गई। इसमें पत्रकारों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों की अकर्मण्यता पर नाराजगी जताई। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर शासन-प्रशासन को वास्तविकता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आहूत हुई बैठक में शहर में बढ़ते कोरोना के प्रकोप और लचर स्वास्थ्य सेवाओं तथा मीडिया और आम जनमानस से जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन के असमन्वय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित उजागर हो रही कमियों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसमें शहर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर, आम जनता को जागरूकता व समन्वय का अभाव तथा मीडिया को सही समय पर जरूरी जानकारी नहीं देने की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

बैठक में सभी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ की कमी, सिटी स्कैन मशीन की कमी, निजी सिटी स्कैन सेंटरों पर मनमर्जी दर पर रोक लगाने, न्यूनतम एवं समान दर तय करने, मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए मोटिवेशनल स्पीच एवं मनोरंजन के साधन मुहैया करवाने, जिला कोविड प्रभारी की नियुक्ति करने, कोविड मरीजों के परिजनों को मरीज की स्थिति की प्रतिदिन चार बार जानकारी दिलवाने, कोरोना से दिवंगत हुए पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों की तरह राजनीतिक कार्यक्रमों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने हेतु तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई।

बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन ने उपस्थित सदस्यों से शहर में कोरोना को लेकर नाकाफी प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखने की बात कही। इस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष भेरूलाल टांक, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, इंगित गुप्ता, विजय मीणा, मुबारिक शेरानी, अशोक शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, जितेंद्रसिंह सोलंकी, हरीवंश शर्मा, हिमांशु जोशी, सौरभ पाठक, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, अदिति मिश्रा, उत्तम शर्मा, पवन शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुए उच्चस्तर से आमजन के स्वास्थ्य के लिए हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह कुशवाह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य आग्रह अभियान की शुरुआत की

### रतलाम के सक्रिय समाजसेवियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरुआत की। इस मौके पर वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के सक्रिय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप की उपस्थिति में सक्रिय समाजसेवी गोविंद काकानी एवं मुकेश जैन ने मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

गोविंद काकानी ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रतलाम जिले में अब तक 71 हजार से अधिक का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। स्वास्थ्य टीम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से संपर्क कर उनका टीकाकरण करने का कार्य कर रही है। रतलाम की सामाजिक संस्थाएं और सभी समाजसेवी अपने स्तर पर इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लगे हुए हैं। श्री काकानी ने सुझाव दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड के प्रति बड़े आकार में फोटो कॉपी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटर पर सभी सुविधाएं पर्याप्त की जा रही है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोरोना पॉजिटिव मरीज जो भर्ती है उनसे उनके परिजन कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त अपना मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा।

समाजसेवी मुकेश जैन ने इस अवसर पर मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद दिया कि उनके और शहर विधायक चैतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम में मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने से यह मरीजों के लिए अमृत कुंड के समान हो गया है जहां बेहतर उपचार मरीजों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाए जाने का आग्रह किया ताकि मरीजों को इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान संचालित किया जाए जिसमें सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही टीकाकरण के लिए मोबाइल की व्यवस्था करने का भी उन्होंने सुझाव दिया ताकि दूरदराज के एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति जो वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच सकते हैं उनका भी टीकाकरण किया जा सके। श्री जैन ने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण एवं सकारात्मक समाचार मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकाशित हो ताकि लोगों में जागरूकता बनी रहे और सकारात्मक विचारों का संचार हो श्री जैन ने कहा कि उद्योगों में और व्यावसायिक संस्थाओं में विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन जाए तो सभी सभी कर्मचारियों का टीकाकरण एक अभियान के तहत किया जा सकता है। इस दौरान शहर के सक्रिय समाजसेवी एवं गणमान्यजन भी मौजूद थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्टेट एक्सप्रेस पृष्ठ 05 दिनांक 07/04/2021

# ग्रीष्मकाल में पानी की उपलब्धता का आकलन करें और कार्य योजना बनाएं

## कलेक्टर डाड ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में पानी की उपलब्धता का आकलन करें तथा मई, जून माह में नागरिकों को पेयजल की दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करें। जिले का जल स्तर कितना कम हुआ है उस अनुसार कार्य योजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जल के वैकल्पिक स्त्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को इस बाबत समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण एम एल आर्य सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डाड ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी देना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कितने लोगों को राशन सामग्री प्रदान की जा रही है यह व्यवस्था सुनिश्चित करें।

महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण के लिए जिले में किए जा रहे हैं कार्यों को मॉनिटर करें। आंगनबाडियों में जो व्यवस्थाएं की जा रही है उस पर निगरानी रखें और सेहत की बगिया और पोषण वाटिका के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं इसे और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

नगर निगम

# चालकों ने खड़े किए वाहन तो आयुक्त ने सभी को मास्क देकर किया रवाना



रतलाम. शहर में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने वाले वाहन चालकों ने मंगलवार सुबह वाहन निगम में खड़े कर दिए। इस बात की सूचना पर जब निगमायुक्त सोमनाथ झारिया निगम पहुंचे तो उन्हें अधिकांश चालक बिना मास्क के नजर आए। ये देख आयुक्त ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को बुलाया और सभी को मास्क वितरित करने की बात कही। इस पर सिंह ने सभी को मास्क का वितरण किया। मास्क वितरण के बाद जब आयुक्त ने सफाईकर्मियों से बात शुरु की तो उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष से वह लोग कचरा संग्रहण वाहन को चला रहे हैं। इस एक वर्ष में एक भी बार किसी वाहन में आइल चेंज नहीं किया गया है। समय पर वाहनों का रख रखाव नहीं होने से उनमें खराबी आती है जिसका दोष उन पर मढ़ा जाता है। जब तक वाहनों में आइल नहीं बदला जाएगा तब तक कोई भी वाहन नहीं चलाएगा। वाहन चालकों की बात सुनकर आयुक्त ने एक सप्ताह में सभी वाहनों में आइल चेंज की बात कही और सभी को अपने-अपने काम के लिए रवाना कर दिया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया –पृष्ठ 13 दिनांक 07/04/2021

# शुभ मुहूर्त 25 अप्रैल को, उसी दिन रविवार का लाकडाउन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शादी समारोह से जुड़े व्यापारियों, इवेंट मैनेजमेंट, कैटर्स, टेंट सहित अन्य लोगों की अच्छे कारोबार की उम्मीद पर कोरोना के बढ़ते संक्रमण का असर दिखने लगा है। अभी शासन ने हर रविवार को लाकडाउन घोषित किया है। इस बार 25 अप्रैल को सबसे बड़ा मुहूर्त है। इस दिन रविवार होने से लाकडाउन के कारण सभी आयोजन सीमित संख्या में होना तय है। प्रशासन ने भी कोरोना गाइडलाइन में आयोजन में लोगों की संख्या तय कर दी है। मई माह में भी 2, 9 व 16 मई को शादी के मुहूर्त हैं और रविवार है। इस वजह से आयोजनकर्ताओं ने पहले से की बुकिंग भी निरस्त करा दी है और बदलाव भी किए जो व्यापारियों के लिए घाटे का सौदा बन गए हैं।



कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को ज्ञापन सौंपते हुए वेडिंग एसोसिएशन महासंगठन सदस्य। ● नईदुनिया

**संक्रमण का असर**

- आयोजन सीमित होने से परेशान हो रहे व्यापारी
- प्रशासन ने भी गाइडलाइन में आयोजन में लोगों की संख्या तय की

> शादी समारोह के लिए 50 लोगों की अनुमति रहेगी। समारोह में सेवा प्रदाताओं को कोरोना टेस्ट कराना अनिवार्य किया गया है। मेरे बेटे की शादी में भी कोरोना गाइडलाइन के चलते सीमित लोगों को बुलाया था। गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है।
>
> – गोपालचंद्र डाड, कलेक्टर

**साल भर से धंधा नहीं, शादी समारोह में छूट मिले**

कोरोना गाइडलाइन में शादी समारोह में सीमित संख्या करने पर चलते मंगलवार को वेडिंग एसोसिएशन महासंगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर धर्मशाला परिसर में 200 व्यक्ति एवं खुले गार्डन में 400 व्यक्तियों की अनुमति देने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि रात्रि में आयोजन संबंधित लेबर वर्कर, हलवाई बंधु, लोडिंग अनलोडिंग में लगने वाली गाड़ियां आदि को छूट दी जाए। शनिवार एवं रविवार को मुख्यतः वैवाहिक आयोजन रहते हैं। शनिवार-रविवार का लाकडाउन बंद किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से रतलाम टेंट्स आनर्स एसोसिएशन के आशुतोष वशिष्ठ, महेंद्र डांगी, सुभाष मूणत रतलाम हलवाई संघ से पंडित धीरज व्यास, संजय पंड्या, रामनिवास व्यास, एसके तिवारी, शंकर पांडेय, कैटरिंग एसोसिएशन से सुनील पोरवाल, राहुल बम, गार्डन एसोसिएशन से लोकेश परिहार, बैंड बाजा ढोल से अशफाक जावेद, राहुल, जीतू, फोटो वीडियो एसोसिएशन से पिंकेश डांगी, सुजीत सिंह भाटी, विपुल अग्रवाल, राकेश पोरवाल, लाईट एवं जनरेटर से मोहन भंडारी, सचिन देवड़ा आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन : 6 दुकानों को 24 घंटे के लिए किया सील, संचालकों पर एफआईआर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

फैलते कोरोना संक्रमण के बावजूद कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ मंगलवार को सरकारी अमले ने एक्शन लिया। होटल, रेस्टोरेंट, जनरल स्टोर, साड़ी दुकान सहित 6 दुकानों को 24 घंटे के लिए सील कर दिया। इनके संचालकों के खिलाफ धारा 188 के तहत स्टेशन रोड और माणकचौक थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।



सैलाना बस स्टैंड होटल को सील करता सरकारी अमला।

मंगलवार को सरकारी अमला सबसे पहले माणकचौक क्षेत्र पहुंचा। गणेश देवरी पर राजकुमार साड़ी नामक दुकान में भीड़ जमा थी। ग्राहकों ने मास्क नहीं लगा रखे थे। यही स्थित नागेश्वर टेक्सटाइल की दुकान पर थी। अमले ने कार्रवाई कर दुकानें बंद करा दी। थाने पर आवेदन देकर साड़ी दुकान संचालक पूनमचंद माणकचंद धारीवाल और टेक्सटाइल दुकान संचालक शेखर अशोक कुमार जैन पर एफआईआर कराई। मिर्ची गली में कुतुबुद्दीन पिता साबिर हुसैन के जनरल स्टोर पर कई लोग जमा थे। इस दुकान को सील कर एफआईआर दर्ज कराई। यहां से अमला सैलाना बस स्टैंड पहुंचा, जहां मुख्य चौराहा स्थित दशरथ कालूराम की होटल में कई लोग अंदर बैठकर खाद्य पदार्थ व चाय पी रहे थे। यही हालत मनोहर शांतिलाल पंड्या की होटल की थी। ये दोनों दुकानें तुरंत खाली करवाकर सील कर दी। इसी प्रकार महू रोड बस स्टैंड स्थित बिशाल दरियावलाल पाटीदार की अमृत श्री होटल में कई ग्राहक अंदर बैठे थे। इसे तत्काल सील कर एफआईआर दर्ज करवाई। कार्रवाई स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला, माणकचौक थाना प्रभारी अय्यूब खान, नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने की।

**संक्रमित 6000 पार** • कोरोना नए पीक की ओर... डर इसलिए क्योंकि 13 दिनों में 18 लोगों ने गंवाई जान

# 13 दिन में 1000 पॉजिटिव, शुरू में 145 दिन लगे थे

## कोरोना के चलते अप्रैल के 6 दिनों में ही 11 लोग दम तोड़ चुके हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लापरवाही की लहर... जी हां, हम सही कह रहे है। कुछ दिनों पहले तक हम लापरवाह थे, मुंह से मास्क गायब हो चुके थे, सोशल डिस्टेंसिंग नहीं थी। इसका परिणाम अब सामने आ रहा है। मंगलवार को कोरोना पॉजिटिव का आंकड़ा 6 हजार के पार हो गया। संक्रमण की ये अब तक की सबसे तेज रफ्तार है। सिर्फ 13 दिन में ही 1000 पॉजिटिव सामने आ गए हैं। बड़ी चिंता ये है कि इन 13 दिन में 18 लोग जान भी गंवा चुके है। सिर्फ अप्रैल के 6 दिन में 11 लोगों ने दम तोड़ दिया है, ऐसा पहली बार हुआ है।

पॉजिटिव मरीजों को विदाई देने से पहले विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रभारी डीन व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्था सुधार को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि मरीज के स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी जानकारी परिजनों को सहजता पूर्वक मिले जाए इसके लिए चिकित्सक समय निर्धारित कर परिजनों से बात करें। पेंडेंसी खत्म करने के लिए आरटी-पीसीआर जांच बाहर से कराने को कहा। कहा। उसकी रिपोर्ट भी जल्द मिल जाए।

## फिर वैसी तस्वीर लेकिन हालात अलग हैं... 11 मरीजों को ठीक होने पर एक साथ डिस्चार्ज किया, इस बार जोश के साथ डर भी, क्योंकि 250 से ज्यादा मरीज अस्पताल में भर्ती हैं तो 450 से ज्यादा संक्रमित होम क्वारेंटाइन हैं



इस तस्वीर को देख आपको पुराने दिन याद आ गए होंगे। लेकिन, ये तस्वीर मंगलवार की ही है। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ मीनाक्षी सिंह एवं प्रभारी डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। कॉलेज में भर्ती 11 मरीज स्वस्थ होकर घर जा रहे थे, उन्हें शुभकामनाएं दी। इस बार जोश के साथ डर भी था... क्योंकि, अभी मेडिकल कॉलेज में 250 से ज्यादा मरीज डिस्चार्ज होने की उम्मीद में है।

**नई लहर में 13 दिन में 16 मौतें**




## रतलाम जिले में एक्टिव केस 700 के करीब पहुंचे

जिले में एक्टिव के 700 के करीब पहुंच गए हैं। मंगलवार को 92 संक्रमित मिले। दो की मौत हो गई। एक्टिव केस का आकड़ा 699 पर आ गया। पहले सबसे ज्यादा सितंबर-अक्टूबर 2020 में एक्टिव केस 400 रहे थे।

## जिले में संक्रमण का सफर... वक्त के साथ यह घातक और आक्रमण हो रहा, आप न बने रहें लापरवाह

### 1 हजार पॉजिटिव

जिले में 11 अप्रैल को पहला पॉजिटिव मरीज मिला था। 500 केस मिलने में 121 दिन लगे थे। इसके बाद के 25 दिन में केस दोगुना हो गए। 145 दिन बाद 2 सितंबर को 1 हजार का आंकड़ा छू लिया। उस दौरान रतलाम प्रदेश के टॉप-11 शहरों में शामिल था। 2 सितंबर तक 21 मौत हो गई थी।

### 2 हजार पॉजिटिव

जिले में 9 अक्टूबर को कोरोना पॉजिटिव का आंकड़ा 2 हजार के पार हो गया। 37 दिन में पॉजिटिव 1 हजार से 2 हजार हो गए। इस दौरान 70% केस रतलाम शहर के थे। 9 अक्टूबर तक कुल 45 मौत हुई थी।

### 3 हजार पॉजिटिव

जिले में 23 नवंबर को पॉजिटिव का आंकड़ा 3 हजार के पार हो गया। पॉजिटिव मरीजों की संख्या सिर्फ 68 दिन में दोगुना हो गई। जबकि, शुरुआती 1500 केस मिलने में 160 दिन का समय लगा था। केस 2 हजार से 3 हजार होने में 46 दिन लगे। 23 नवंबर तक 64 मौत हुई थी।

### 4 हजार पॉजिटिव

जिले में 27 दिसंबर को पॉजिटिव 4 हजार के पार हो गए। पॉजिटिव की संख्या 3 हजार से 4 हजार होने में 35 दिन लगे। पॉजिटिव की संख्या दो गुना यानी 2 हजार से 4 हजार होने में 80 दिन का समय लगा। 27 दिसंबर को मौतों का आंकड़ा 77 पर आ गया।

### 5 हजार पॉजिटिव

25 मार्च को जिले में कुल पॉजिटिव 5 हजार के पार हो गए। संक्रमित 4 हजार से 5 हजार होने में 89 दिन का वक्त लगा था। तब तक जिले में 86 लोग दम तोड़ चुके थे। 25 मार्च तक 86 मौत हो गई थी।

### 6 हजार पॉजिटिव

6 अप्रैल को संक्रमित 6 हजार हो गए। रफ्तार ऐसी है कि यह दूरी सिर्फ 13 दिन में तय हो गई। संक्रमण की यह अब तक की सबसे तेज रफ्तार है। 135 दिन में आंकड़ा दो गुना यानी... 3 हजार से 6 हजार हो गया। मौत का आंकड़ा 101 पर पहुंच चुका है।

# अपनी समस्याओं को लेकर वेडिंग एसोसिएशन हुआ लामबंद -प्रशासन से संपर्क कर लगाई गुहार

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कोरोना महामारी के चलते पिछले वर्ष व्यवसाय संबंधी रोक लग जाने आर्थिक व्यवस्था पर ग्रहण लगा और इस वर्ष शादियों की सिजन में महामारी की दस्तक ने फिर बेबस किया ऐसे में वैवाहिक समारोह से संलग्न सभी व्यवसायीयों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं इस बात को लेकर प्रशासन से नियमों को लचीला करते हुए मांग की गई। शादी विवाह समारोह में लगने वाली समस्त व्यवसाई आज एकजुट होकर वेडिंग एसोसिएशन महा संगठन के रूप में एक मंच के बैनर तले अग्रणी हुए। विगत 1 वर्ष से भी अधिक समय से कोई बड़े मांगलिक धार्मिक सामाजिक शादी समारोह ना होने के कारण और आगामी 20 अप्रैल से 18जुलाई तक की सीजन में भी वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कई बड़े आयोजन कैंसिल हो जाने के कारण एवं जो आयोजन है वह भी सीमित मात्रा में शासकीय नियमों के चलते होने वाले नुकसान के मद्देनजर रतलाम जिलाधीश गोपाल चन्द्र डाड के सामने ज्ञापन के माध्यम से अपनी गुहार लगाई। प्रसारण



## व्यवसायीयों ने की मांग

इस अवसर पर समस्त व्यवसाईयो ने एकजुट होकर जिला प्रशासन से मांग की आगामी सीजन मे धर्मशाला परिसर में 200 व्यक्ति एवं खुले गार्डन में 400 व्यक्तियों की परमिशन दी जाए रात्रि में आयोजन संबंधित लेबर वर्कर, हलवाई बंधु, लोडिंग अनलोडिंग मे लगने वाली गाड़ियां आदि को छूट दी जाए ,शनिवार एवं रविवार को मुख्यत वैवाहिक आयोजन रहते हैं इसलिए शनिवार रविवार का लॉक डाउन बंद किया जावे।

## एसोसिएशन के यह व्यवसायी थे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से रतलाम टेंट्स ओनर्स एसोसिएशन के आशुतोष वशिष्ठ, महेंद्र डांगी, सुभाष मूणत रतलाम हलवाई संघ से पंडित धीरज व्यास, संजय पंड्या, रामनिवास व्यास, एस के तिवारी, शंकर पांडेय कैटरिंग एसोसिएशन से सुनील पोरवाल, राहुल बम, गार्डन एसोसिएशन से लोकेश परिहार, बैंड बाजा ढोल से अशफाक जावेद राहुल जीतू फोटो वीडियो एसोसिएशन से पिंकेश डांगी सुजीत सिंहभाटी, विपुल अग्रवाल, राकेश पोरवाल लाईट एवं जनरेटर से मोहन भंडारी सचिन देवड़ा आदि अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज से 11 कोरोना योद्धा स्वस्थ होकर लौटे

प्रसारण न्यूज • रतलाम



शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में कोरोना संक्रमण के लिए उपचाररत 11 कोरोना योद्धाओं को आज स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाओं के साथ डिस्चार्ज किया गया।

स्वस्थ होकर लौटे कोरोना योद्धाओं को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जिला कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने शुभकामनाएं दी।

स्वस्थ होकर लौटे नागरिकों ने कहा कि मास्क ही जीवन है और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है इसकी सीख हम सभी को देंगे और कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

प्रसारण

# 14 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे नए मरीज, मौत भी ज्यादा

## कोरोना कहर • लापरवाही पड़ रही भारी, लगातार बढ़ रही संक्रमितों की संख्या, मंगलवार को 2119 को लगा टीका

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अब जिले में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। हर 100 सैंपलों की जांच में 14 नए मरीज मिल रहे हैं। यह दर बहुत ज्यादा है। नए मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही मौतों का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है।

पाजिटिविटी की दर के मान से इसमें मरीजों की संख्या और बढ़ना तय है। अभी औसतन 80 मरीज रोज आ रहे हैं।

मंगलवार को 19 वैक्सीनेशन सेंटरों पर 2119 लोगों को टीके लगाए गए। जिले में कुल 73884 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। जैन कासयप सभागृह रतलाम पर 290, सीएससी पिपलौदा पर 25, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम 176, धराड़ केंद्र पर 170, बिरमावल 107, बांगरोद 105, रेलवे हास्पिटल भाग 2 पर 151, सामुदायिक भवन जवाहर नगर रतलाम 100, रतलाम जिला चिकित्सालय 250, गुरुनानक भवन 129, सिविल हास्पिटल जावरा 228, सामुदायिक भवन अलकापुरी 147, आयुष हास्पिटल 153, सैलाना 69, सिविल हास्पिटल आलोट 90, जीडी हास्पिटल 32, आरोग्यम अस्पताल 29, श्रद्धा हास्पिटल 07, साई श्री हास्पिटल 07 तथा मेडिकल कालेज पर 66 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

**आज 19 केंद्रों पर होगा टीकाकरण**

आज सिविल हास्पिटल आलोट, जावरा, सीएचसी पिपलौदा, सैलाना, पीएचसी बिरमावल, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम, बाल चिकित्सालय, रेलवे अस्पताल भाग-2, घटना कालोनी रतलाम, सामुदायिक भवन अलकापुरी, सामुदायिक भवन जवाहर नगर, आयुष हास्पिटल सांगोद रोड, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी, शेरानी जमातखाना, श्रद्धा हास्पिटल, आरोग्यम हास्पिटल, जीडी हास्पिटल, साई श्री हास्पिटल और जैन दिवाकर हास्पिटल पर टीके लगाए जाएंगे।


बांगरोद में टीका लगवाती हुईं अनिता जैन। • नईदुनिया

**बांगरोद सेंटर पर लगे टीके**

बांगरोद में 109 लोगों को टीके लगाए गए। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिता राजमल जैन ने बांगरोद सेंटर पर टीका लगवाया। गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए सरपंच प्रतिनिधि समरथ पाटीदार ने घर-घर जाकर टीकाकरण की सूचना दी। सेंटर पर मेडिकल आफिसर नाजिया खान, सुपरवाइजर देवेंद्र परमार, स्टाफ नर्स प्रिया रावत, एएनएम सुनीता वसुनिया, सुनीता डाबर, श्वेता सोलंकी, सीएचओ दमयंती धाकड़, डाटा इंट्री आपरेटर गौरव बैरागी ने व्यवस्था संभाली।



**एक नजर आंकड़ों पर**

| तारीख | संक्रमित की संख्या |
| --- | --- |
| 01 अप्रैल | 85 |
| 02 अप्रैल | 79 |
| 03 अप्रैल | 77 |
| 04 अप्रैल | 85 |
| 05 अप्रैल | 95 |
| 06 अप्रैल | 92 |


वर्तमान समय में स्वस्थ रहने सबसे बड़ी दौलत है। जान है तो जहान है। शासन-प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। नागरिकों को भी इसमें सहयोग देना चाहिए।
**- अनामिका त्रिवेदी,** शिक्षिका, रतलाम


तेजी से फैल रहे कोरोना की रोकथाम के लिए प्रत्येक नागरिक को सावधानी बरतनी जरूरी है। वर्तमान में मास्क पहनने के साथ शारीरिक दूरी का पालन करना सबसे कारगर उपाय है।
**- योगेश पाल,** शिक्षक


स्वयं के साथ अन्य की सुरक्षा के लिए मास्क पहनना और शारीरिक दूरी का पालन करना जरूरी है। सावधानी बरतकर ही कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।
**- राजेश माहेश्वरी,** शिक्षक


जिले में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बाजार में अभी भी कई लोग लापरवाही बरत रहे है। शासन-प्रशासन को कोरोना की चेन तोड़ने के लिए सख्त कदम उठाना चाहिए।
**- सुभाष जोशी,** रतलाम


कोरोना महामारी घर-घर में दस्तक दे रही है। लोगों को इसकी भयावहता को समझना होगी। जरा-सी लापरवाही बड़े संकट का कारण बन सकती है। नियमों का पालन कर स्वयं भी बचें और दूसरों को भी बचाएं।
**- डा. एपी सिंह,** शिशु रोग विशेषज्ञ


जिस तरह से कोरोना के मरीज बढ़ रहे है, उससे डर का माहौल भी बन रहा है। लोगों को अब गंभीरता दिखाना चाहिए। घर से बाहर निकलते समय मास्क और दो गज की दूरी का पालन करना चाहिए। **-एसएल सरोज,** प्राचार्य, शासकीय उमावि हतनारा

## डाक्टर मेहनत कर रहे हैं, हमें भी सतर्क रहना होगा : एडीजे सोनी

**रतलाम।** मेडिकल कालेज से मंगलवार को डिस्चार्ज हुए एडीजे नितिन सोनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने का एक ही उपाय है मास्क का प्रयोग करना और शारीरिक दूरी बनाए रखना।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च को रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद तत्काल वे मेडिकल कालेज में एडमिट हो गए। मेडिकल कालेज में डाक्टरों की टीम बहुत अच्छा काम कर रही है। अच्छे उपचार के लिए उन्होंने सभी चिकित्सकों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा डाक्टर अपना काम कर रहे हैं, मेहनत कर रहे हैं मगर हमें सतर्क व सजग रहना है। हम कोरोना से बचाव के लिए सभी संभव उपाय करें। संक्रमण मुक्त होकर लौटे शिक्षक देवीदत्त पाठक ने बताया कि मेडिकल कालेज में चिकित्सकों एवं स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा। इसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि कोरोना से बचाव के लिए सतर्क रहें।

**कलेक्टर-एसपी ने दी शुभकामनाएं**

मंगलवार को मेडिकल कालेज से 11 कोरोना मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। स्वस्थ होकर लौटे कोरोना योद्धाओं शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ मीनाक्षी सिंह, एसडीएम अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, मेडिकल कालेज के प्रभारी डा. जितेंद्र गुप्ता ने शुभकामनाएं दीं। स्वस्थ होकर लौटे नागरिकों ने कहा कि मास्क पहनने और शारीरिक दूरी रखने का पालन करने की सीख हम सभी को देंगे।

**कालेज में 10 मोबाइल भेंट**

शहर के सक्रिय समाजसेवी विनोद करमचंदानी ने मंगलवार को मेडिकल कालेज में अपनी ओर से 10 मोबाइल सेट एवं संचार के महत्वपूर्ण उपकरण भेंट किए। इससे मेडिकल कालेज में आंतरिक संवाद की स्थिति और बेहतर हो सकेगी।


स्वस्थ हुए लोगों के साथ विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी। • नईदुनिया

### पेंडिंग खत्म करने के लिए सैंपल बाहर भेजे जाएंगे

मेडिकल कालेज में मरीजों के बढ़ते दबाव के चलते विधायक चेतन्य काश्यप ने मंगलवार को प्रभारी डीन एवं प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्था सुधार को लेकर चर्चा की। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की समीक्षा के बाद बीते तीन-चार दिनों में कालेज की व्यवस्थाओं में सुधार होने पर काश्यप ने कहा कि कोरोना के बढ़ते हुए मरीजों की संख्या को देखते हुए सुधार की और आवश्यकता है। विधायक ने कालेज प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीज के स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी स्वजनों सहजतापूर्वक मिले एवं पूर्व की तरह चिकित्सक द्वारा समय निर्धारित कर व्यक्तिगत जानकारी भी दी जाए। काश्यप ने जांच में बढ़ रही पेंडेंसी को खत्म करने के निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक होने पर आइटीपीसीआर जांच बाहर से कराए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जांच रिपोर्ट तत्काल मिले। इससे संक्रमण रोका जा सकेगा।

**अंचल से भी आ रहे सैंपल**

काश्यप ने कहा कि रतलाम सहित आस-पास के अंचल से अधिक टेस्ट आने के कारण मेडिकल कालेज में जांचें अधिक लंबित हो रही है। इससे समय पर रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए जांच के लिए सैंपल बाहर भिजवाएं। चर्चा के दौरान कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ मीनाक्षी सिंह एवं प्रभारी डीन डा. जितेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 11 दिनांक 07/04/2021

### रतलाम के सक्रिय समाजसेवियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

# मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य आग्रह अभियान की शुरुआत की

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरुआत की। इस मौके पर वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के सक्रिय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप की उपस्थिति में सक्रिय समाजसेवी गोविंद काकानी एवं मुकेश जैन ने मुख्यमंत्रीजी को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



गोविंद काकानी ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रतलाम जिले में अब तक 71 हजार से अधिक का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। स्वास्थ्य टीम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से संपर्क कर उनका टीकाकरण करने का कार्य कर रही है। रतलाम की सामाजिक संस्थाएं और सभी समाजसेवी अपने स्तर पर इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लगे हुए हैं। श्री काकानी ने सुझाव दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड के प्रति बड़े आकार में फोटो कॉपी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटर पर सभी सुविधाएं पर्याप्त की जा रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोरोना पॉजिटिव मरीज जो भर्ती है उनसे उनके परिजन कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त अपना मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा। समाजसेवी मुकेश जैन ने इस अवसर पर मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद दिया कि उनके और शहर विधायक चैतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम में मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने से वह मरीजों के लिए अमृत कुंड के समान हो गया है जहां बेहतर उपचार मरीजों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाए जाने का आग्रह किया ताकि मरीजों को इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान संचालित किया जाए जिसमें सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही टीकाकरण के लिए मोबाइल की व्यवस्था करने का भी उन्होंने सुझाव दिया ताकि दूरदराज के एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति जो वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच सकते हैं उनका भी टीकाकरण किया जा सके।

## ये रहे मौजूद

श्री जैन ने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण एवं सकारात्मक समाचार मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकाशित हो ताकि लोगों में जागरूकता बनी रहे और सकारात्मक विचारों का संचार हो श्री जैन ने कहा कि उद्योगों में और व्यावसायिक संस्थाओं में विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन जाए तो सभी सभी कर्मचारियों का टीकाकरण एक अभियान के तहत किया जा सकता है। इस दौरान शहर के सक्रिय समाजसेवी एवं गणमान्यजन भी मौजूद थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राजएक्सप्रेस पृष्ठ 13 दिनांक 07/04/2021

जनहिताय

राज्य शासन ने अर्फोडेबल हाऊस के लिए जारी किए आदेश

# आवासहीन निम्न आय वर्ग परिवारों को अब मिलेगा तीन लाख का अनुदान

## विधायक काश्यप ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्फोडेबल हाऊसिंग इन पार्टनरशीप (एएचपी) घटक के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को तीन लाख रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक के अन्तर्गत अर्फोडेबल हाऊस के लिए केन्द्र से डेढ लाख प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी।

### 3 लाख प्रति अनुदान मिलेगा

राज्य शासन ने सोमवार को प्रसारित आदेश में निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को केन्द्र के समान राज्य से भी डेढ लाख रुपए प्रति आवास की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया है। इससे पात्र हितग्राही को तीन लाख रुपए का अनुदान प्रति आवास मिलेगा।

शासन के इस निर्णय से सैंकड़ों निम्न आय वर्ग परिवार लाभान्वित होंगे। श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम के डोसी गांव में दूसरे चरण के अर्फोडेबल हाऊस के निर्माण का कार्य जारी है। इसके तहत करीब 200 आवास बन रहे हैं और करीब एक हजार आवास बनाए जाने हैं। उन्होंने आवासहीन परिवारों की मदद के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री काश्यप के अनुसार ऐसे निर्णयों से प्रत्येक परिवार को आवास के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने में मदद मिलेगी।

215

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण –––पृष्ठ 03 दिनांक 07/04/2021

निगमायुक्त की क्लास

## मास्क नहीं लगाने और कचरा कलेक्शन गाड़ी नहीं पहुंचने की शिकायत पर आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों की ली क्लास

प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए जोर-शोर से जुटे रतलाम नगर निगम के कर्मचारियों के मास्क नहीं पहनने और कचरा कलेक्शन में लापरवाही की शिकायत पर निगमायुक्त ने सभी कर्मचारियों की परेड करवाई है। निगमायुक्त द्वारा सफाई कर्मचारियों और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों के कर्मचारियों की क्लास लेते हुए उन्हें मास्क पहनने और सावधानी बरतने के निर्देश दिए जा रहे थे। इसी दौरान कुछ कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहने होने से निगमायुक्त सोमनाथ झारिया नाराज हो गए और उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को जमकर लताड़ लगाई।

दरअसल शहर में अनेक क्षेत्रों में कचरा वाहन नहीं पहुंचने की शिकायत मिलने पर आज सुबह निगम आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों के साथ में डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले ड्राइवर एवं सहायकों की परेड करवा कर स्वयं ने एक-एक क्षेत्र में जाने वाले कर्मचारियों की जानकारी ली । इसी दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहने पाए जाने पर निगम आयुक्त का गुस्सा स्वास्थ्य अधिकारी पर फूट पड़ा और लताड़ लगाते हुए कहा कि हम पूरे शहर में मास्क बांटते फिर रहे हैं और हमारे कर्मचारी ही बगैर मास्क के खड़े हैं। आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों से फाइव स्टार रेटिंग के सर्वे से पूर्व सारी व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश भी दिए हैं।

प्रसारण

## आवासहीन निम्न आय वर्ग परिवारों को अब मिलेगा तीन लाख का अनुदान

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अफोर्डेबल हाऊसिंग इन पार्टनरशीप (एएचपी) घटक के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को तीन लाख रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक के अन्तर्गत अफोर्डेबल हाऊस के लिए केन्द्र से डेढ़ लाख प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी। राज्य शासन ने सोमवार को प्रसारित आदेश में निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को केन्द्र के समान राज्य से भी डेढ़ लाख रुपए प्रति आवास की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया है। इससे पात्र हितग्राही को तीन लाख रुपए का अनुदान प्रति आवास मिलेगा। शासन के इस निर्णय से सैकड़ों निम्न आय वर्ग परिवार लाभान्वित होंगे। श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम के डोसी गांव में दूसरे चरण के अफोर्डेबल हाऊस के निर्माण का कार्य जारी है। इसके तहत करीब 200 आवास बन रहे हैं और करीब एक हजार आवास बनाए जाने हैं। उन्होंने आवासहीन परिवारों की मदद के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री काश्यप के अनुसार ऐसे निर्णयों से प्रत्येक परिवार को आवास के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रसारण

# रतलाम में कोरोना की स्थिति भयावह, जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारी, अव्यवस्थाओं के खिलाफ पत्रकार लामबंद

## केंद्र और राज्य के जिम्मेदारों को आज पत्र लिखकर बताएं वास्तविकता

रतलाम । कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रतलाम जिले की स्थिति भयावह होती जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में समन्वय का अभाव होकर अव्यवस्थाओं के नियंत्रण में असफल साबित हो रहे हैं। इससे आमजन मानस में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो गया है और लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है। इस प्रतिकूल परस्थिति के मद्देनजर रतलाम प्रेस क्लब कार्यसमिति एक आपात बैठक वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेस क्लब भवन मे आहूत की गई। इसमें पत्रकारों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों की अकर्मण्यता पर नाराजगी जताई। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर शासन-प्रशासन को वास्तविकता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आहूत हुई बैठक में शहर में बढ़ते कोरोना के प्रकोप और लचर स्वास्थ्य सेवाओं तथा मीडिया और आम जनमानस से जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन के असमन्वय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित उजागर हो रहीं कमियों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसमें शहर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर, आम जनता की जागरूकता व समन्वय का अभाव तथा मीडिया को सही समय पर जरूरी जानकारी नहीं देने की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, सिटी स्कैन मशीन की कमी, निजी सिटीस्कैन सेंटरों पर मनमर्जी दर पर रोक लगाने, न्यूनतम एवं समान दर तय करने, मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए मोटिवेशनल स्पीच एवं मनोरंजन के साधन मुहैया करवाने, जिला कोविड प्रभारी की नियुक्ति करने, कोविड मरीजों के परिजनों को मरीज की स्थिति की प्रतिदिन चार बार जानकारी दिलवाने, कोरोना से दिवंगत हुए पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों की तरह राजनीतिक-कार्यक्रमों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने हेतु तत्कल कार्रवाई करने की मांग की गई।

बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन ने उपस्थित सदस्यों से शहर में कोरोना को लेकर नाकाफी प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखने की बात कही। इस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष भेरूलाल टांक, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, इंगित गुप्ता, विजय मीणा, मुबारिक शेरानी, अशोक शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, जितेंद्रसिंह सोलंकी, हरिवंश शर्मा, हिमांशु जोशी, सौरभ पाठक, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, अदिति मिश्रा, उत्तम शर्मा, पवन शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुए उच्चस्तर से आमजन के स्वास्थ्य के लिए हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह कुशवाह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 01 दिनांक 07/04/2021

**समझाइश** • ड्राइवर और हेल्पर्स से कहा : ड्रेस कोड में काम करो, हर घर से कचरा उठना चाहिए

# बंद पड़ी कचरा कलेक्शन गाड़ियों को देख कमिश्नर बोले–सुधरवाते क्यों नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई व्यवस्था को लेकर एक्शन मोड में चल रहे आयुक्त सोमनाथ झारिया मंगलवार सुबह कर्मशाला पहुंचे। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था में लगे ड्राइवर और हेल्पर्स की मीटिंग लेकर चेताया कि ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड में रहें। ऐसा नहीं करने पर वेतन काटने और सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। परिसर में खड़ी कचरा कलेक्शन गाड़ियों के बारे में पूछने पर पता चला की सभी ने कुछ न कुछ खराबी है। आयुक्त ने कर्मशाला अधिकारियों से कहा जितनी जल्दी हो सके सभी को सुधरवाओ। मेंटनेंस की फाइल चलाओ, फटाफट मंजूरी दी जाएगी। हमारा शहर 5 स्टार रैंकिंग में है। इसके लिए हर घर से कचरा उठना चाहिए। वह भी गीला और सूखा अलग-अलग। गीले एवं सूखे कचरे को जवाहर नगर मुक्तिधाम के पास, पोलोग्राउंड, ईश्वर नगर, अमृत सागर तालाब व विरियाखेड़ी के सूखा कचरा पृथक्कीकरण केंद्र ले जाकर डालें। इससे रैग पिकर्स महिलाएं उन्हें अलग-अलग कर कबाड़ी को विक्रय कर सकेंगी।

## कर्मशाला में आयुक्त ने कर्मचारियों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया



कचरा कलेक्शन गाड़ियों के ड्राइवर और हेल्पर्स को निर्देश देते आयुक्त झारिया।

## सीधे कॉम्पेक्टर में ही डालें कचरा

आयुक्त झारिया ने ड्राइवर और हेल्पर्स से कहा कि गीले कचरे को सीधे विनोबा नगर मुक्तिधाम और अमृत सागर तालाब के पास खड़े किए गए काम्पेक्टर में डाले। इससे कलेक्शन गाड़ियों को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। विरियाखेड़ी सब स्टेशन जाने वाले वाहन सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा खाली करें। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह आदि मौजूद रहे।